**आरटीआई मामला/समयबद्ध**

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
नयी दिल्ली
**27 जून 2023**

**सं. ई -551/03/2023-आरटीआई**

**विषय: सूचना का अधिकार अधिनियम,** 2005 **के तह माँगी गई सूचना।**

कृपया अपने दिनांक 02.05.2023 के आवेदन पंजीकरण संख्या एमओईएएफ /आर /पी/23/00130 का संदर्भ ग्रहण करें जिसे 22.06.2023 को अधोहस्ताक्षरी लोक सूचना अधिकारी को हस्तांतरित किया गया था।

2. आपके प्रश्न संख्या 1, 2, 3, 4 और 6 के संबंध में, उत्तर को 'शून्य' माना जा सकता है। संबंधित संसदीय प्रश्न और उत्तर की एक प्रति जो सार्वजनिक डोमेन पर उपलब्ध है, आपके संदर्भ के लिए संलग्न की गई है।

3. आपके प्रश्न संख्या 5 के संबंध में **माँगी गई सूचना** अधोहस्ताक्षरी लोक सूचना अधिकारी के पास उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा, **सूचना का अधिकार अधिनियम** की धारा 6(3) के अनुसार, यह आवेदन वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को उनके स्तर पर आवश्यक कार्रवाई के लिए, यदि कोई हो, हस्तांतरित किया जा रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से अनुरोध है कि वे सीधे आवेदक को उत्तर दें।

4. यह ध्यान दिया जाए कि **सूचना का अधिकार अधिनियम** 2005 के प्रावधानों के तहत एक लोक सूचना अधिकारी/लोक प्राधिकारी आवेदक को केवल वही सूचना प्रदान करने के लिए बाध्य है जो रिकॉर्ड में मौजूद है और जो उस प्राधिकारी के पास या उसके नियंत्रण में है।

5. यदि आप इस उत्तर से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप श्री अनिकेत जी. मांडवगने, निदेशक (पूर्वी एशिया) एवं अपीलीय प्राधिकारी, विदेश मंत्रालय, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली-110001, के समक्ष इस पत्र की प्राप्ति की तारीख से एक महीने के भीतर अपील दायर कर सकते हैं।

भवदीय,

( प्रियंका सोहोनी)
उप सचिव (चीन) एवं लोक सूचना अधिकारी
कमरा सं. 270 ए , साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली-110001
टेलीफ़ैक्स : 23011356
ईमेल: dschina2@mea.gov.in

प्रति प्रेषित:

1. श्री एस. पी. तलवंडी, अनुभाग अधिकारी (आरटीआई), कमरा सं. 512, वाणिज्य भवन , वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली-110011 (ईमेल: moc_rti@nic.in ) [ *आवेदक को सीधे उत्तर देने के अनुरोध के साथ* ]
2. अवर सचिव (आरटीआई), विदेश मंत्रालय, जेएनबी, नई दिल्ली।

**भारत सरकार**

**विदेश मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 540**

**दिनांक 02.12.2021 को उत्तर देने के लिए**

## ताइवान के साथ संबंधों को बढ़ाना

**540. श्री सुजीत कुमारः**

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ताइवान के साथ अपने राजनयिक, आर्थिक, व्यापारिक और द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक स्तर तक बढ़ाने की आशा कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**विदेश राज्य मंत्री**

**(श्री वी. मुरलीधरन)**

**(क)** से **(ग)** ताइवान पर भारत सरकार की नीति स्पष्ट और सुसंगत है। सरकार व्यापार, निवेश, पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा तथा लोगों के बीच ऐसे अन्य आदान-प्रदान के क्षेत्रों में बातचीत को सुविधाजनक बनाती है और इसे प्रोत्साहित करती है।

***

## RTI REQUEST DETAILS (आरटीआई अनुरोध विवरण)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Registration Number (पंजीकरण संख्या) : | MOEAF/R/P/23/00130 | Date of Receipt (प्राप्ति की तारीख) : | 02/05/2023 |
| Type of Receipt (रसीद का प्रकार) : | Local Receipt | Language of Request (अनुरोध की भाषा) : | English |
| Status (स्थिति)(Rural/Urban) : | Details not provided | Education Status : | Details not provided |
| Requester Letter Number(निवेदक पत्र संख्या) : | Details not provided | Letter Date : | Details not provided |
| Is Requester Below Poverty Line ? (क्या आवेदक गरीबी रेखा से नीचे का है?) : | No | Citizenship Status (नागरिकता) | Indian |
| Amount Paid (राशि का भुगतान) : | 10 ) (original recipient) | Mode of Payment (भुगतान का प्रकार) | Postal Order |
| Does it concern the life or Liberty of a Person? (क्या यह किसी व्यक्ति के जीवन अथवा स्वतंत्रता से संबंधित है?) : | No(Normal) | Request Pertains to (अनुरोध निम्नलिखित संबंधित है) : | DS (China), Ms. Priyanka Sohoni |
| Information Sought (जानकारी मांगी): | For providing information directly to the applicant. | | |

Print Save Close

# सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

प्रारूप–एक

*(सूचना का अधिकार 2005 की धारा 6 (1) के अन्तर्गत आवेदन–पत्र का प्रारूप)*

1.

2.

3.

4.

5.

6. चाही गई जानकारी का विवरण –

1 ताईवान का दूतावास भारत में कौन से सन में खुला उसका पता की जानकारी चाहिये ताईवान में भारत का दूतावास किस वर्ष में खुला उसकी जानकारी चाहिये।

2 ताईवान से हमारे राजनितिक संबंध किस वर्ष में से स्थापित हुये।

3 ताईवान देश के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री विदेश मंत्री रक्षा मंत्री कितनी बार भारत की यात्रा पर आये उसकी जानकारी चाहिये।

4 भारत देश के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री रक्षा मंत्री, विदेशमंत्री कितनी बार ताईवान देश की यात्रा की इसकी जानकारी दे।

5 ताईवान देश से भारत के किन–किन वस्तुओ का आयात व निर्यात करता उसकी जानकारी चाहिये।

6 वर्तमान में ताईवान के राजदूत का नाम क्या है ताईवान देश में भारत के राजदूत का नाम क्या है।

7 क्या चाहतें है – उपरोक्त विषय से संबंधित अभिलेख–दस्तावेज़ों के प्रमाणित छायाप्रतियॉ ।

8. आवेदक के साथ अदा किये जाने वाले प्रोसेस फी– रूपये 10 का पोस्टल आर्डर संलग्न। क्र. 27F 328379

9. क्या आवेदक गरीबी की रेखा के नीचे है अथवा नहीं – नहीं ।

टीप – यदि आवेदक द्वारा डाक से आवेदन प्रेषित किया जाता है तो आवेदन पत्र पर रू. 10 का नान–ज्यूडिशियल स्टॉप चस्पा करते हुये स्वयं का पता अंकित करते हुये आवश्यक राशि का डाक टिकिट लगा लिफाफा संलग्न प्रेषित करे।

पावती –

1. आवेदन प्राप्त होने का दिनॉक – ..............................
2. आवेदनकर्ता को वांछित जानकारी प्राप्त करने के संबंध में अग्रिम कार्यवाही हेतु उपस्थिति होने का दिनॉक............
3. संबंधित शाखा/ अधिकारी जहॉ से जानकारी उपलब्ध होगी .......................... (लोक सूचना अधिकारी / सहायक लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्राधिकृत)

दिनॉक – ...............

कृपया अवर सचिव (ई-...) को अग्रेषित किया जाये, प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर

पदनाम (रबर सील)

02/05/21